प्रभात खबर

पश्चिम बंगाल: बंद मकान में धड़ल्ले से बनाई जा रही थीं नकली दवाइयां, एक करोड़ की नकली दवा बनाने की सामग्री जब्त

कोलकाता, विकास कुमार गुप्ता: पश्चिम बंगाल पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने नकली नशीली दवाइयों के अलावा ब्रांडेड कंपनियों की नकली दवाइयां बनानेवाले एक ठिकाने का पर्दाफाश किया है. हुगली जिले के मगरा थानाक्षेत्र में स्थित खाली पड़े एक मकान के भीतर चोरी-छिपे चल रही ब्रांडेड कंपनियों की नकली दवाइयां बनाने वाली फैक्ट्री से एक करोड़ रुपये से ज्यादा की नकली दवाइयां बनाने की सामग्री जब्त की गयी हैं. इसके अलावा जिन मशीन से नकली दवाइयां बनायी जाती थीं, उन मशीनों के अलावा नकली दवा बनाने के लिए जिन केमिकल का इस्तेमाल किया जाता था, उन्हें जब्त कर लिया गया है. एसटीएफ की तरफ से जिले के ड्रग कंट्रोलर अधिकारी को भी इसकी सूचना दी गयी है. इधर, इस घटना के बाद से उस मकान को सील कर दिया गया है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/west-bengal-stf-raid-fake-medicines-made-indiscriminately-material-worth-rs-1-crore-seized-grj